>

Title: Need to appoint DST INSPIRE faculty-laid.

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर) : डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (DST) ने युवाओं के लिए साइंस, टेक्नोलॉजी एवं इंजीनियरिंग में रिसर्च जैसे विषय के साथ INSPIRE के माध्यम से एक बहुत ही नवीनता से परिपूर्ण योजना बनायी है, जिसके चलते इस माध्यम से एन.आई.टी., आई.आई.टी, IISEs, एन.आई.एस.ई.आर. के साथ युवा टैलेंट को जोड़कर नये साइंटिस्ट्स बनाने तथा ऐसी उच्च स्तरीय इंस्टीट्यूट में अध्यापन व आने वाले नये युवाओं को ट्रेनिंग हेतु यह योजना बनायी गयी है । DST में कुल जमा एप्लीकेशन में से करीब करीब 10 प्रतिशत युवा DST INSPIRE की फेलोशिप के लिए अब तक सेलेक्ट हुए हैं (जब तक का डाटा मिला है) । यह DST INSPIRE की फेलोशिप सेलेक्शन प्रोसेस तीन स्तरीय है, जो कि इंडियन नेशनल साइंस अकादमी ने बनायी है । यह फेलोशिप के लिए उच्च शिक्षा एवं रिसर्च के लिए इंडिया से बाहर गये हुए बहुत से युवाओं ने अप्लाई किया, ये समझते हुए कि अभी अपने ही देश में इतनी अच्छी रिसर्च फैसिलिटी सरकार उपलब्ध करा रही है । इसलिए उन्होंने विदेशों में पंजीकरण के बावजूद DST INSPIRE के तहत अपना नाम दर्ज किया । अभी तक के उपलब्ध संख्या के अनुसार DST INSPIRE की फेलोशिप 1118 रिसर्च फैकल्टी अवार्ड प्राप्त किए हुए, जिसमें से अब तक केवल करीब 400 फैकल्टीज को स्थायी रूप से पोस्ट इन इंस्टीट्यूट्स में प्राप्त है और 60-70 प्रतिशत फैकल्टीज ऐसे हैं, जिनको स्थायी जॉब अभी तक नहीं मिली है । यू.जी.सी. के अंतर्गत कई असिस्टेंट प्रोफेसर की पोस्ट देश के प्रीमियम इंस्टीट्यूट्स में खाली/ रिक्त हैं, लेकिन यू.जी.सी. इन DST INSPIRE फैकल्टी को असिस्टेंट प्रोफेसर का वर्ग देने के पक्ष में नहीं है । दूसरी ओर DST INSPIRE फैकल्टी टैलेंट डेवलपमेंट करने के लिए सरकार ने बहुत बड़ी राशि खर्च की है । बिना किसी उपयोग/जॉब के बैठे हैं । मैं इस सदन के माध्यम से

सरकार से अनुरोध करती हूँ कि इन DST INSPIRE फैकल्टी का उपयोग आने वाली पीढ़ी की शिक्षा हेतु देश के प्रीमीयर इंस्टीट्यूट्स जैसे NITS, IITS, IISEs, NISER एवं UGC में इन DST INSPIRE फैकल्टी को पोस्टिंग दी जाये, जिससे यू.जी.सी. और ऐसे इंस्टीट्यूट्स के रिक्त पोस्ट भी आई.आई.टी., आई.आई.एस.ई, एन.आई.एस.ई.आर. एवं यू.जी.सी. में इन DST INSPIRE फैकल्टी को पोस्टिंग दी जाए, जिससे यू.जी.सी. और ऐसे इंस्टीट्यूट्स के रिक्त पोस्ट भी कुछ हद तक भरी जा सकती हैं और ऐसे इंस्टीट्यूट्स में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी इस टैलेंट का लाभ मिल सकता है । अगर सरकार इन DST INSPIRE फैकल्टी टैलेंट को 5 साल का नवीनीकरण नहीं कर सकती, तो उन्हें स्थायी रूप से जॉब मिलने तक अगले 5 साल "SERB-Assistant Professor" or "SERB Senior Faculty" जैसे पद निर्माण करके उनका रिसर्च क्षेत्र में योगदान ले और उन्हें राहत दे ।